एचईजी 245 करोड़ रुपए का निवेश करेगी : झुनझुनवाला

व्यापार प्रतिनिधि, भोपाल

दक्षिण एशिया में ग्रेफाइट इलैक्ट्रोड्स के सबसे बड़े निर्माताओं व निर्यातकों में से एक एचईजी लिमिटेड ने आज अपने मंडीदीप स्थित प्लांट को 245 करोड़ रुपए के अतिरिक्त निवेश के द्वारा बढ़ाने की घोषणा की, यह विस्तार कार्य अगले साल के बीच में पूरा हो जाएगा। उसके बाद कंपनी हर साल 80हजार मीट्रिक टन ग्रेफाइट का उत्पादन करने में सक्षम हो जाएगी और यह दुनिया का सबसे बड़ा मैन्युफैक्चरिंग प्लांट बन जाएगा। ग्रुप के चेयरमैन रवि झुनझुनवाला ने समूह के स्वर्ण जयंती समारोह की पूर्व संध्या पर यह घोषणा की। इस समारोह का उद्घाटन मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को करेंगे। श्री झुनझुनवाला ने कहा, "मंडीदीप प्लांट की मौजूदा क्षमता 66 हजार मीट्रिक टन प्रति वर्ष है, जिसके लिए 1123 करोड़ रुपए के निवेश की जरूरत पड़ी।

- अगले साल होगा सालाना 80 हजार मीट्रिक टन की क्षमता का विस्तार
- समूह का स्वर्ण जयंती समारोह

कंपनी ने वित्त वर्ष 2011-12 के दौरान लगभग 1300 करोड़ रुपए का टर्नओवर अर्जित किया। इस स्थापित क्षमता के साथ हम एक ही स्थान पर सबसे ज्यादा ग्रेफाइट इलैक्ट्रोड का उत्पादन करने वाले दुनिया के सबसे बड़े उत्पादक हैं। एचईजी लि. 5000 करोड़ रुपए के कारोबारी समूह एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप की ग्रुप कंपनी है, यह समूह टैक्सटाइल व विद्युत के क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति रखता है। पांच दशक पहले राजस्थान के भीलवाड़ा में टैक्सटाइल की एक छोटी सी यूनिट से शुरु हुआ एलएनजे भीलवाड़ा समूह आज भारत के अग्रणी व्यापार समूहों में गिना जाता है जिसका टर्नओवर 5000 करोड़ सालाना के करीब है। एचईजी लि. ग्रुप की अग्रणी कंपनियों में से एक है जो 1972 में मंडीदीप-भोपाल में स्थापित की गई, आज यह 1300 करोड़ रुपए की कंपनी है।

मध्य प्रदेश में 1970 के दशक के अपने आरंभिक वर्षों को याद करते हुए श्री झुनझुनवाला ने कहा, "करीब 40 साल पहले जब मैंने मंडीदीप में शुरुआत की तब यह एक छोटा स्थान हुआ करता था। आज मंडीदीप की प्रगति को देखना खुशी देता है और हमारे प्रयासों से एचईजी लिमिटेड की स्थापना हुई जो आज दुनिया का सबसे बड़ा सिंगल साइड ग्रेफाइट इलैक्ट्रोड उत्पादक है। एचईजी लि. के मंडीदीप प्लांट में हजार से अधिक लोग काम कर रहे हैं और इस प्रकार राज्य की अर्थव्यवस्था में यह प्लांट काफी योगदान कर रहा है।"

कल रवीन्द्र भवन में सायं 6.30 बजे से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, अध्यक्षता पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, विशिष्ट अतिथि सांसद कैलाश जोशी, पूर्व मुख्यमंत्री सुन्दर लाल पटवा, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री बाबूलाल गौर उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में विशेष रूप से रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी सत्यरूपानंद महाराज (रायपुर) उपस्थित होंगे। इसी श्रृंखला में शनिवार 19 नवम्बर को प्रातः 11.15 बजे सत्यरूपानंद महाराज द्वारा उद्बोधन कार्यक्रम होगा, जो कम्पनी के संस्थापक लक्ष्मीनिवास झुनझुनवाला के संस्मरण पर आधारित होगा। इसके साथ ही इसी दिन सायं 6.30 बजे सुप्रसिद्ध रंगकर्मी शेखर सेन द्वारा एकल अभिनय आयोजित किया जाएगा, जो कबीर की जीवनी पर आधारित होगा।